भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. 161*

जिसका उत्तर दिनांक मंगलवार, 17 दिसम्बर, 2013 को दिया जाना है

एच.एम.टी. घड़ी कारखाना, रानीबाग को स्थानांतरित किया जाना

161*. श्री महेन्द्र सिंह माहरा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तराखंड में रानीबाग, नैनीताल स्थित एचएमटी घड़ी कारखाने को अन्यत्र स्थानांतरित किया जा रहा है;

(ख) यदि नहीं, तो क्या रानीबाग स्थित एचएमटी कारखाने के कार्य-निष्पादन को सुधारने हेतु कोई कार्य-योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इस कारखाने को पुनरुज्जीवित करने के बारे में सरकार की वैकल्पिक योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

<u>**विवरण**</u>

एचएमटी घड़ी कारखाना, रानीबाग को स्थानांतरित किए जाने के संबंध में श्री महेन्द्र सिंह माहरा द्वारा पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 161* के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क): जी, नहीं।

(ख) और (ग): रानीबाग वॉच फैक्टरी एचएमटी वाचिज लि., बैंगलोर की इकाई है। कंपनी के पुनरुद्धार की योजना तैयार की गई है, लेकिन लोक उद्यम पुनर्गठन बोर्ड (बीआरपीएसई) को भेजने के लिए योजना को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका क्योंकि उत्तराखंड सरकार द्वारा रानीबाग इकाई का अधिग्रहण करने के मामले में राज्य सरकार की ओर से कोई अंतिम उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****